दिन– गुरूवार दिनांक– 25 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका के लिए कल होगा मतदान।

02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन। पांचवें चरण के चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना।

03. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, जेईई मेन का परिणाम जारी किया। बिहार के प्रथम कुमार ने प्राप्त किये सौ पर्सेंटाइल।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में अगले पांच दिन तक भीषण लू और गर्मी को लेकर अलर्ट। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर बारह बजे से तीन बजे के बीच बाहर जाने से बचने की सलाह दी।

---

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका के लिए कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। बांका संसदीय क्षेत्र के दो सौ अड़तालीस मतदान केन्द्रों पर शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश में तिरानवे लाख छियानवे हजार दो सौ अट्ठानवे मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या अड़तालीस लाख इक्यासी हजार चार सौ सैंतीस और महिला मतदाताओं की संख्या पैंतालीस लाख चौदह हजार पांच सौ पचपन है। वहीं, थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या तीन सौ छह है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस चरण में एक लाख सैंतीस हजार सात सौ तैंतीस मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार मतदान करेंगे। इन संसदीय क्षेत्रों में तीन महिला उम्मीदवारों समेत कुल पचास प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। किशनगंज और भागलपुर से बारह–बारह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, बांका से दस, किशनगंज से नौ और पूर्णियां से सात उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होना है। इस चरण में किशनगंज और पूर्णियां सीट पर त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। किशनगंज में कांग्रेस के मोहम्मद जावेद, जदयू के मुजाहिद आलम और एआईएमआईएम के अख्तरूल ईमान के बीच टक्कर है। वहीं, पूर्णियां सीट

से जदयू के संतोष कुशवाहा, राजद की बीमा भारती और निर्दलीय पप्पू यादव मुकाबले में हैं। कटिहार में जदयू से निवर्तमान सांसद दुलाल चंद गोस्वामी और कांग्रेस के तारिक अनवर के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। दूसरी तरफ, भागलपुर में जदयू के निवर्तमान सांसद अजय मंडल और कांग्रेस के अजीत शर्मा मुकाबले में हैं। बांका में जदयू के गिरिधारी यादव का मुकाबला राजद के जयप्रकाश यादव से है।

---

दूसरे चरण के मतदान के लिए पांच संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में कुल नौ हजार तीन सौ बाईस मतदान केन्द्र बनाए गये हैं। इनमें से एक हजार दो सौ उनसठ पोलिंग बूथ शहरी क्षेत्र में, जबकि आठ हजार तिरसेठ पोलिंग बूथ ग्रामीण क्षेत्र में हैं। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार चार हजार आठ सौ इक्कीस मतदान केन्द्रों से पूरी चुनावी प्रक्रिया की लाईव वेबकास्टिंग की जाएगी। आयोग ने इस चरण के तहत सैंतीस पोलिंग बूथों को आदर्श घोषित किया है। वहीं, उनतीस बूथों का प्रबंधन दिव्यांग कर्मचारियों के जिम्मे रहेगा। इसके अलावा उनतीस बूथों का प्रबंधन महिला कर्मी करेंगी। मतदान समाप्ति के बाद जीपीएस लगे वाहनों से ईवीएम को स्ट्रांग रूम तक पहुंचाया जायेगा।

---

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं। संबंधित लोकसभा क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के पचपन हजार कर्मियों की तैनाती की गयी है। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दूसरे चरण के मतदान के लिए अर्धसैनिक बलों की एक सौ से अधिक कंपनियां तैनात की गयी हैं। जिला पुलिस, होमगार्ड, सैप और बीएमपी के जवानों को भी सुरक्षा में लगाया गया है। ड्रोन, घुड़सवार दस्ते और नाव से भी निगरानी की जाएगी। इधर, मतदान को देखते हुए भारत–नेपाल की सीमा को सील कर दिया गया है। शुक्रवार शाम सात बजे तक दोनों देशों की सीमाएं सील रहेंगी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल और झारखंड से लगी सीमाओं को भी सील कर चौकसी बढ़ा दी गयी है।

---

दूसरे चरण के चुनाव के दिन कल संबंधित संसदीय क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि लोग मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के साथ–साथ बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों का उपयोग कर सकेंगे। इन पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और पासपोर्ट शामिल हैं।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन है। कल नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। वहीं, उम्मीदवार उनतीस अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चौथे चरण का मतदान तेरह मई को होगा। इधर, पांचवें चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना कल जारी की जाएगी। इस चरण के तहत सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में बीस मई को मतदान होना है।

———————————————————————————

निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी और लू को देखते हुए दूसरे, तीसरे और चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के लिए एक हजार सात सौ बूथों पर मतदान के समय में परिवर्तन किया है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार ऐसे बूथों पर सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। बांका के कटोरिया में कल एक सौ दो बूथों पर और बेलहर में एक सौ छियालीस बूथों पर शाम चार बजे तक ही वोट डाले जा सकेंगे। तीसरे चरण के तहत मधेपुरा के महिषी विधानसभा क्षेत्र में एक सौ सात, खगड़िया संसदीय क्षेत्र के सिमरी बख्तियारपुर में साठ और अलौली तथा बेलदौर के सड़सठ बूथों पर शाम चार बजे तक मतदान होगा। वहीं, चौथे चरण में मुंगेर के सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र में एक सौ उन्नीस बूथों पर शाम चार बजे तक ही वोट डाले जा सकेंगे।

———————————————————————————

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात खगड़िया लोकसभा सीट की। खगड़िया बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों में से एक है, जहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

कोसी, कमला, बागमती और गंगा–गंडक समेत लगभग आधा दर्जन नदियों से घिरे खगड़िया संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक मिजाज भी नदियों की धारा से मेल खाता है। यह भी कहा जाता है कि फरकिया का यह इलाका जैसे जमीन के

मामले में स्थिर नहीं रहा, वैसे ही इस लोकसभा क्षेत्र का बार–बार परिसीमन होता रहा। खगड़िया लोकसभा सीट के अंतर्गत खगड़िया, समस्तीपुर और सहरसा जिले के छह विधानसभा क्षेत्र आते हैं। वर्ष दो हजार उन्नीस के लोकसभा चुनाव में इस सीट से लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के महबूब अली कैसर को जीत मिली थी। लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, जिसके बाद वे राजद में शामिल हो गये। लोजपा आर ने उनकी जगह भागलपुर के राजेश वर्मा को उम्मीदवार बनाया है। श्री वर्मा भागलपुर नगर निगम के डिप्टी मेयर रह चुके हैं। वहीं, उनके मुकाबले हैं सीपीआईएम के संजय कुमार। इसके अलावा दस अन्य उम्मीदवार भी चुनावी मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच ही माना जा रहा है। इस लोकसभा क्षेत्र के तीन विधानसभा क्षेत्रों– सिमरी बख्तियारपुर, हसनपुर और अलौली पर राजद, जबकि खगड़िया पर कांग्रेस का कब्जा है। वहीं, बेलदौर और परबत्ता विधानसभा क्षेत्रों में जदयू के विधायक हैं। मक्का उत्पादन के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले इस संसदीय क्षेत्र में उद्योग–धंधों का घोर अभाव है। साथ ही एक लंबे अरसे से क्षेत्र की जनता बाढ़ और पलायन जैसे मुद्दों से जूझ रही है। दोनों ही गठबंधन के प्रत्याशियों के अपने–अपने दावे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस पर अपना भरोसा जताती है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे और चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान तेज हो गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मुंगेर और अररिया लोकसभा क्षेत्रों में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री मोदी मुंगेर के सफियासराय स्थित हवाई अड्डा मैदान में जदयू प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और अररिया के फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह के लिए मतदान की अपील करेंगे।

———————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, जेईई मेन का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा में छप्पन अभ्यर्थियों ने सौ पर्सेंटाइल हासिल किया है। इसमें बिहार के एक मात्र अभ्यर्थी प्रथम कुमार भी शामिल हैं। उन्होंने तैंतीसवां स्थान हासिल किया है। अभ्यर्थी एनटीए की आधिकारिक वेबसाईट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के लिए सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। नियोजित शिक्षक कल से चार मई तक बीएसईबी सक्षमता डॉट कॉम पर आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड ने कहा है कि वैसे शिक्षक अभ्यर्थी जिन्होंने सक्षमता परीक्षा के प्रथम चरण में आवेदन भरा, लेकिन परीक्षा में शामिल नहीं हो सके, वे भी इस बार परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। उन्हें परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा। इसके अलावा प्रथम चरण की सक्षमता परीक्षा में अनुत्तीर्ण अभ्यर्थी भी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। साथ ही प्रथम चरण की

सक्षमता परीक्षा में सफल अभ्यर्थी बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए भी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। परीक्षा जून महीने में संभावित है।

——————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में भीषण लू और गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा सहरसा, सुपौल, गोपालगंज, सीवान, पूर्वी चंपारण और पूर्णियां जिले में भी कई स्थानों पर लू चलने की चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि इस दौरान तेज पछुआ हवा भी चलने की संभावना है।

———बाईट———

मौसम विभाग ने लू की आशंका को देखते हुए लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। लोगों को दोपहर बारह बजे से तीन बजे के बीच बाहर जाने से बचने की सलाह दी गयी है। साथ ही पर्याप्त मात्रा में पानी और अन्य पेय पदार्थों का सेवन करने को कहा गया है। लोगों से हल्के सूती कपड़े पहनने और धूप में निकलने के दौरान छाता का उपयोग करने की सलाह दी गयी है।

——————————————————————————

बेगूसराय जिले के लाखों थाना क्षेत्र के विश्वकर्मा चौक के पास सड़क हादसे में दो सगी बहनों की मौत हो गई। घटना से अक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

——————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने दूसरे चरण के चुनाव से संबंधित खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने लिखा है– बिहार में दूसरे चरण में पांच सीटों पर थमा चुनाव–प्रचार का शोर, कल होगा मतदान।

**दैनिक जागरण** लिखता है– दूसरे चरण में है राहुल गांधी की वायनाड समेत देश की नवासी सीटें।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– विरासत कर’ पर नया सियासी बवंडर। पीएम मोदी का आरोप– कांग्रेस मां–बाप से विरासत में मिलने वाली संपत्ति पर भी कर लगायेगी।

**राष्ट्रीय सहारा** ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के हवाले से लिखा है– करोड़ों को बनायेंगे लखपति।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर..........

01. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत प्रदेश के पांच संसदीय क्षेत्रों– किशनगंज, कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर और बांका के लिए कल होगा मतदान।

02. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने का आज अंतिम दिन। पांचवें चरण के चुनाव के लिए कल जारी होगी अधिसूचना।

03. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा, जेईई मेन का परिणाम जारी किया। बिहार के प्रथम कुमार ने प्राप्त किये सौ पर्सेंटाइल।

04. और, प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में अगले पांच दिन तक भीषण लू और गर्मी को लेकर अलर्ट। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर बारह बजे से तीन बजे के बीच बाहर जाने से बचने की सलाह दी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।